# फर्जी शेयर ट्रेडिंग ऐप ठगी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

- 1.16 करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी में खाता उपलब्ध कराने वाले आरोपी दबोचे, न्यायालय ने भेजा जेल



आकाश उर्फ गोपाल चौहान आशीष उर्फ दीपक यादव

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** स्टेट साइबर सेल जोन इंदौर ने फर्जी शेयर ट्रेडिंग एवं मार्केटिंग एप के जरिए करोड़ों की ठगी के मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों ने अधिक मुनाफे का लालच देकर एक व्यक्ति से 1,16,39,835 विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर करवा लिए थे.

निरीक्षक सुरेन्द्र वास्कले ने बताया कि पीड़ित द्वारा शिकायत किए जाने पर मामला राज्य साइबर सेल इंदौर पहुंचा था. जांच में सामने आया कि अज्ञात आरोपियों ने शेयर मार्केट में भारी मुनाफे का झांसा देकर निवेश के नाम पर बड़ी राशि ठगी थी. इसके बाद प्रकरण को एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज कर आईटी एक्ट के तहत जांच में लिया था. जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि आरोपी अपने बैंक खाते और सिम कार्ड कमीशन के आधार पर साइबर ठगों को उपलब्ध कराते थे, जिनका उपयोग ऑनलाइन फ्रॉड में किया जाता था. इसी आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए 34 वर्षीय आकाश चौहान, निवासी ग्राम हरसौला, इंदौर तथा 31 वर्षीय आशीष उर्फ दीपक यादव निवासी विजयवर्गीय नगर, नंदू आटा चक्की के पास, इंदौर को बुधवार 8 अप्रैल को गिरफ्तार किया था. गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों को जिला न्यायालय इंदौर में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भेज दिया.

## एक माह में साइबर ठगी की 2600 शिकायतें, रोज 87 लोग शिकार

- पुलिस ने तीन माह में पौने दो करोड़ रुपए रिफंड कराए
- 10 दिन में दर्ज हुए 50 से ज्यादा केस



**इंदौर.** शहर में मार्च माह में साइबर ठगी की 2600 शिकायतें दर्ज हुईं, औसतन रोज 87 लोग शिकार बने. पिछले तीन माह में करीब पौने दो करोड़ रुपए रिफंड किए गए, वहीं ई एफआईआर व्यवस्था के बाद 10 दिन में 50 से अधिक केस दर्ज हुए हैं.

क्राइम ब्रांच के मुताबिक साइबर अपराधों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है. सबसे ज्यादा मामले शेयर ट्रेडिंग में मुनाफे का लालच देकर ठगी के सामने आए हैं, जिनमें व्यापारी, डॉक्टर, इंजीनियर और महिलाएं भी बड़ी संख्या में शामिल हैं. इसके अलावा बिजली या गैस कनेक्शन कटने की धमकी, बैंक अधिकारी बनकर कॉल और फर्जी लिंक व एपीके फाइल के जरिए भी ठगी की जा रही है. एपीके फाइल के जरिए ठग मोबाइल का एक्सेस हासिल कर सीधे बैंक खातों से रकम निकाल लेते हैं. कई मामलों में पीड़ित को पैसे कटने का पता बाद में चलता है.

पुलिस के अनुसार, समय पर शिकायत मिलने पर कार्रवाई भी की जा रही है. पिछले तीन माह में करीब पौने दो करोड़ रुपए ठगों के खातों को ब्लॉक कराकर पीड़ितों को वापस दिलाए हैं. पुलिस के अनुसार, ई एफआईआर व्यवस्था लागू होने के बाद कार्रवाई में तेजी आई है. 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज होते ही केस दर्ज हो जाता है. पिछले 10 दिनों में ही 50 से अधिक प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं.

# ड्रिंक एंड ड्राइव : शराब पीकर चला रहे थे यात्री वाहन

- 12 वाहन चालकों पर कार्रवाई, 3 वाहन जब्त
- 185 दो पहिया वाहन चालकों को भी शराब पीकर वाहन चलाते पकड़ा



इंदौर. सड़क सुरक्षा अभियान के तहत विजयनगर पुलिस ने शनिवार रात शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 12 वाहनों पर चालानी कार्रवाई की. इस दौरान यात्रियों से भरी दो बसों को रोककर उनके चालकों की जांच की गई, जिनमें दोनों ड्राइवर शराब के नशे में पाए गए. जबकि एक आयशर वाहन चालक भी शराब पीकर वाहन चलाते पकड़ाया.

पुलिस के विशेष चेकिंग अभियान में नशे में वाहन चला रहे चालकों पर कार्रवाई की गई. इस दौरान अमरदीप ट्रैवल्स की बस एमपी 13 जेडआर 3230 के चालक सीताराम सेन निवासी सागर, गौतम ट्रैवल्स की बस एमपी 17 पी 3351 के चालक नीरज कुमार शुक्ला तथा आयशर वाहन एमपी 13 जेडआर 3250 के चालक गजेंद्र कोरी निवासी गौरीनगर को पकड़कर कार्रवाई की गई. तीनों चालक शराब के नशे में वाहन चलाते पाए गए, जिन पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत केस दर्ज कर वाहन जब्त किए.

पुलिस ने बताया कि संबंधित चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्तीकरण और वाहनों के रजिस्ट्रेशन रद्द करने के लिए परिवहन विभाग को रिपोर्ट भेजी जा रही है. वहीं पुलिस के अनुसार, नशे में दो पहिया वाहन चलाने वालों पर भी पुलिस ने सख्ती दिखाई. 11 और 12 अप्रैल को चलाए गए सघन चैकिंग अभियान में 218 वाहन चालकों की जांच में 185 के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई कर वाहन जब्त किए.

## बाइक पर 50 चालान थे पेंडिंग, बिना हेलमेट पकड़ाने पर हुआ खुलासा

**इंदौर.** विजयनगर चौराहे पर हेलमेट चेकिंग के दौरान पुलिस ने 50 लंबित चालान वाली बाइक पकड़कर जब्त कर ली. शहरभर में चले अभियान में एक दिन में 1753 चालान बनाए गए, जिनमें 1409 बिना हेलमेट के मामले सामने आए .यातायात पुलिस की टीम ने बाइक नम्बर एमपी 09 वीबी 4011 के चालक अंकित शर्मा को बिना हेलमेट रोका. जांच में खुलासा हुआ कि उसके खिलाफ पहले से 50 चालान लंबित थे और एक भी जमा नहीं किया था. चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं मिला. इस पर पुलिस ने बाइक जब्त कर थाने भिजवाई और कोर्ट चालान की कार्रवाई की.

अभियान के दौरान शहर के विभिन्न चौराहों पर सघन चेकिंग की गई. 1753 चालानों में 1409 बिना हेलमेट, 139 नो पार्किंग, 24 मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाने, 34 रेड लाइट जंप और 8 ब्लैक फिल्म के मामले शामिल रहे. यातायात पुलिस का कहना है कि नियमों की अनदेखी करने वालों पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि सड़क हादसों पर नियंत्रण पाया जा सके.



## एक नजर में

### जय माधव जय केशव संस्था ने परिंदों के लिए मुफ्त में बांटे सकोरे



**महू.** गर्मी के मौसम में आमजन के साथ पशु-पक्षियों को भी पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है. इसी के मद्देनजर हासलपुर यादव समाज की संस्था जय माधव जय केशव द्वारा पक्षियों की प्यास बुझाने विभिन्न स्थानों पर सकोरे रखकर पानी की व्यवस्था की गई. साथ ही 300 सकोरे निःशुल्क वितरित किए गए. समिति संरक्षक समाजसेवी रतनलाल यादव ने बताया कि गर्मी के मौसम में पक्षियों को पानी की कमी के कारण काफी परेशानी होती है, जिससे उनके जीवन पर भी संकट उत्पन्न हो जाता है. इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए समिति द्वारा यह अभियान संचालित किया जा रहा है, ताकि पक्षियों को राहत मिल सके और उनके जीवन की रक्षा की जा सके. उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि सकोरे अपने घरों, छतों एवं आसपास के स्थानों पर रखें. नियमित रूप से उनमें स्वच्छ पानी भरते रहें. इस अवसर पर कार्यक्रम समिति अध्यक्ष विष्णु मूलचंद यादव, उपाध्यक्ष राजेश यादव, सचिव अशोक यादव, रोहित यादव, रमेश दतवाल, महेश यादव, मुकेश पांचाल, रवि झाला, मोहित यादव, उदय यादव आदि मौजूद थे.

### जनगणना के लिए 330 प्रगणक एवं सुपरवाइजर नियुक्त



**महू.** नगर पालिका सीएमओ निशिकान्त शुक्ला को नगर पालिका के सम्पूर्ण क्षेत्र का जनगणना चार्ज अधिकारी बनाया गया है. सीएमओ ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र में मकान सूचीकरण के लिए कुल 257 ब्लॉक बनाए गए हैं. पूरे क्षेत्र में लगभग 330 अधिकारी-कर्मचारियों को जनगणना के लिए प्रगणक एवं सुपरवाईजर के रूप में नियुक्त किया गया है. सर्वप्रथम 16 से 30 अप्रैल तक आम नागरिकों द्वारा स्वयं के मोबाईल से स्व-गणना की जा सकती है. सीएमओ ने पीथमपुर नगर के नागरिकों से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा नागरिक स्वगणना स्वयं कर जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में शासन को यहयोग प्रदान करें. 1 मई 2026 से 30 मई 2026 तक प्रगणक एवं सुपरवाईजर घर-घर जाकर मकान सूचीकरण कार्य को करेंगे. उन्हें आवश्यक सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें.

### 1100 श्री हनुमान चालीसा सामूहिक पाठ का आयोजन



**महू.** श्री रामा सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धर्म जागरण समिति (रामादल) के संस्थापक और अध्यक्ष लोकेश शर्मा के मार्गदर्शन में हिन्दू शक्ति को संगठित करने के उद्देश्य से वार्ड 2 के स्थानीय गोपाल मंदिर प्रांगण में 1100 श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया. सैकड़ों सनातनी महिला एवं पुरुषों, वरिष्ठ जन, प्रमुख व्यापारी बंधुओं की उपस्थिति में इस आयोजन का सफल संचालन किया गया. कार्यक्रम पोस्ट मास्टर प्रेमचंद जैन एवं अध्यात्म मंडल के सक्रिय सदस्य सुरेश लड्डा मुख्य अतिथि एवं वार्ड दो के विभिन्न मंदिरों के आचार्य गोपाल मंदिर से पं. राजेश शास्त्री, लक्ष्मी नारायण मंदिर से पं. राजेश शर्मा, आनंद बिहारी मंदिर से पं. आदेश शर्मा, मुरली मनोहर मंदिर से पं. सुरेश शर्मा, श्री सिद्धिविनायक गणेश मंदिर से पं. द्वारका महाराज, शहर के प्रसिद्ध कर्मकांडी विद्वान पं. ओमप्रकाश शर्मा, राम मंदिर से पं. मनोहर शर्मा, राधा कृष्ण मंदिर से पं. नवीन द्विवेदी, श्री हरिकेश्वर महादेव मंदिर से पं. दुर्गेश मिश्रा विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे .अतिथि स्वागत हरिओम खंडेलवाल, राजीव खंडेलवाल, ओम सैनी, अनिल जायसवाल, अरुण मित्तल, योगेश अग्रवाल, विनोद तायल, राजेश जिंदल, मनीष नीमा, संदीप ढोली, अतुल बबला बॉथम, नीरज सोनी, मयंक शर्मा एवं मनीष प्रजापति ने किया. विशेष स्वर लहरियारों के साथ श्री हनुमान चालीसा पाठ चक्की वाले महादेव मंदिर मंडल से राकेश चौहान, प्रशांत वर्मा एवं विक्की परदेशी ने किया.

# 350 बदमाशों पर कार्रवाई, 4 शराब तस्कर गिरफ्तार

- देर रात सघन चेकिंग अभियान, 450 संदिग्धों की जांच, वारंटियों को पकड़ा, ड्रोन से निगरानी की तेज

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** शहर में अपराध और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस कमिश्नरेट ने देर रात बड़ा अभियान चलाया. 11 और 12 अप्रैल की रात सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ हुई सघन चेकिंग में करीब 450 बदमाशों और संदिग्धों की जांच की गई, जिनमें से 350 के खिलाफ कार्रवाई की गई.

पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर एडिशनल कमिश्नर (क्राइम) आर.के. सिंह के मार्गदर्शन में चारों जोन के डीसीपी के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई. अभियान के दौरान लंबित वारंटों पर भी जोरदार कार्रवाई करते हुए 141 से अधिक वारंट तामील कराए गए, जिनमें 26 स्थायी, 41 गिरफ्तारी और 74 जमानती वारंट शामिल हैं. वहीं अवैध हथियार लेकर घूम रहे 3 बदमाशों को पकड़कर आर्म्स एक्ट में केस दर्ज किया. अवैध शराब के खिलाफ भी कार्रवाई करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किए गए.



आदतन बदमाशों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए 84 लोगों पर बीएनएसएस की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर समंस तामील किए. अभियान के दौरान शहर के हॉटस्पॉट और शैडो एरिया में ड्रोन से निगरानी की गई, वहीं संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल गश्त कर संदिग्धों की चेकिंग की गई. कई फरार अपराधियों को भी इस दौरान गिरफ्तार किया. पुलिस ने पकड़े गए बदमाशों से बांड भरवाकर भविष्य में अपराध न करने की सख्त हिदायत दी. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी.

# तीसरी मंजिल से गिरकर 5 साल के मासूम की मौत

इंदौर. गांधी नगर थाना क्षेत्र में हुए एक दर्दनाक हादसे में तीसरी मंजिल से गिरने पर 5 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

थाना प्रभारी अनिल यादव ने बताया कि सिद्धार्थ नगर में शनिवार दोपहर करीब 3 बजे गोरांश अपनी बड़ी बहन के साथ गैलरी में खेल रहा था. इसी दौरान झांकते समय उसका संतुलन बिगड़ गया और वह सिर के बल नीचे गिर गया. हादसे के बाद परिजन उसे तुरंत अरबिंदो अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. घटना के समय बच्चा अपने दादा के साथ घर पर था. बताया जा रहा है कि दादा कुछ देर के लिए अंदर गए थे, तभी यह हादसा हो गया. बच्चे के पिता की 6 महीने पहले मौत हो चुकी है.



## एक ही दुकान से किताब खरीदने का बना रहे थे दबाव

इंदौर. निजी स्कूलों द्वारा अभिभावकों को तय दुकान से ही किताबें खरीदने के लिए मजबूर करने के दो मामले सामने आए हैं. जिला शिक्षा केंद्र की जांच के बाद विजयनगर और तिलकनगर थानों में प्रकरण दर्ज किए हैं .मामला विजयनगर क्षेत्र के संचार नगर निवासी 58 वर्षीय राजेंद्र सिंह तंवर की शिकायत से जुड़ा है. उन्होंने स्कीम 78 स्थित डेजी डेल्स स्कूल पर आरोप लगाया कि स्कूल द्वारा निर्धारित किताबें बाजार में कहीं और उपलब्ध नहीं हैं और केवल बॉम्बे हॉस्पिटल क्षेत्र की एक दुकान पर ही मिल रही हैं. जांच टीम ने ग्राहक बनकर पड़ताल की तो दावा सही पाया. दूसरा मामला तिलकनगर क्षेत्र का है, जहां प्रगति नगर निवासी 54 वर्षीय हरिओम वैष्णव की शिकायत पर कार्रवाई हुई. जांच के दौरान टीम ने पालक बनकर पिपल्याहाना स्थित दुकानों पर डीपीएस राऊ की कक्षा 5वीं की किताबें मांगीं, लेकिन स्टॉक नहीं मिला.

## चलती कार की छत पर स्टंट करते युवक-युवती का वीडियो वायरल

**इंदौर. एबी रोड पर चलती कार की छत पर बैठकर स्टंट करते युवक युवती का वीडियो सामने आया है. पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है.**

जानकारी के मुताबिक, काले रंग की कार में सवार युवक युवती देर रात सड़क पर स्टंट करते नजर आए. दोनों चलती कार की छत पर बैठे हुए थे, जिससे न केवल उनकी बल्कि सड़क पर चल रहे अन्य लोगों की जान भी खतरे में पड़ गई. राहगीरों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया. शहर में पिछले कुछ समय से रील बनाने के चक्कर में इस तरह की खतरनाक हरकतें बढ़ी हैं. युवक युवतियां ट्रैफिक नियमों की अनदेखी कर सड़कों पर स्टंट कर रहे हैं.

पुलिस ने मामले का संज्ञान लेकर जांच शुरू कर दी है और वीडियो के आधार पर संबंधित लोगों की पहचान की जा रही है. पुलिस अधिकारियों के अनुसार ऐसे मामलों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है. साइबर टीम सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो ट्रैक कर रही है और नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई की जा रही है. हाल के समय में इस तरह के एक दर्जन से ज्यादा मामलों में चालानी और कानूनी कार्रवाई की जा चुकी है.

## नहाते समय महिला का वीडियो बनाने की कोशिश में आरोपी पर केस दर्ज

इंदौर॰ घर के वॉश एरिया में नहा रही महिला का वीडियो बनाने की कोशिश का मामला सामने आया है. पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. भंवरकुआं थाना प्रभारी संतोष दुधी ने बताया कि थाना क्षेत्र में रहने वाली 39 वर्षीय महिला ने शिकायत में बताया कि शनिवार दोपहर करीब 12॰30 बजे वह ग्राउंड फ्लोर के वॉश एरिया में नहा रही थी. इसी दौरान उसने ऊपर कमरे की खिड़की की ओर देखा तो वहां हॉस्टल में रहने वाला कृष्णा चौधरी खड़ा था, जो उसे देख रहा था और मोबाइल से वीडियो बनाता नजर आया. महिला के शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर कृष्णा चौधरी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## ईओडब्ल्यू ने 3 माह में दो अधिकारियों सहित 12 घूसखोरों को पकड़ा

- 2025 में 22 केस दर्ज किए, 12 में चालान पेश, शेष की जांच जारी
- 10 मामलों में अभियोजन की स्वीकृति लंबित



**इंदौर. आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) ने वर्ष 2026 के पहले तीन माह में 12 आर्थिक घोटालों में कार्रवाई की, वहीं दो मामलों में रिश्वत लेते पटवारी और खनिज अधिकारी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया.**

एसपी रामेश्वर यादव के अनुसार वर्ष 2025 में 22 अधिकारियों के खिलाफ आर्थिक अपराध के मामले दर्ज किए गए थे, जिनमें से 12 प्रकरणों में विशेष न्यायालय में चालान पेश किए जा चुके हैं. शेष मामलों में अभी शासन से अभियोजन स्वीकृति नहीं मिल सकी है. वर्ष 2026 के पहले तीन माह में दर्ज 12 मामलों के अलावा 6 पुराने मामलों में भी चालान पेश किए हैं. वहीं 10 प्रकरणों में अभियोजन स्वीकृति के लिए प्रस्ताव शासन को भेजे गए हैं, जिन पर मंजूरी मिलते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी. फिलहाल नगरीय प्रशासन, सहकारिता, आदिम जाति कल्याण और जीएसटी विभाग से जुड़े कई मामले जांच में हैं, जिनमें जांच प्रक्रिया जारी है.

## एक नजर में

वार्ड 61 में सोनकर समाज धर्मशाला के सामने जबरन कॉलोनी और अलापुर के बीच स्थित नाला उजागर कर रहा जमीनी हकीकत

# स्मार्ट सिटी के दावों के बीच खुले नाले बने लोगों की मुसीबत



**इंदौर.** शहर में स्मार्ट सिटी के दावों के बीच खुले नाले और उन पर नगर निगम की लापरवाही लोगों के लिए मुसीबत बन गई है. भागीरथपुरा जैसे क्षेत्रों में गंदा पानी पीने से बीमारियां फैल रही हैं, वहीं कान्हा नदी (नाले) में सफाई के बजाय गंदगी फेंके जाने के वीडियो वायरल हो रहे हैं. भूजल में सीवर का पानी मिलने की खबरें हालात को चिंताजनक बता रही हैं.

जूनी इंदौर क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 61 में सोनकर समाज धर्मशाला के सामने जबरन कॉलोनी और अलापुर के बीच स्थित नाला इसका उदाहरण है. कुछ वर्ष पहले इस नाले का गहरीकरण कर चारों ओर पक्की दीवार बनाई गई, लेकिन इसे ऊपर से खुला रखा गया, जो स्थानीय लोगों के लिए मुसीबत बन गया है. यहां गंदगी जमा होने से मच्छर-मक्खी और कीड़े-मकोड़ों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे बीमारियों का खतरा लगातार बना हुआ है. दोनों क्षेत्रों के बीच बनी छोटी पुलिया में रोजाना बहकर आने वाला कचरा फंस जाता है, जिसे सफाई कर्मी केवल औपचारिक सफाई कर शेष कचरा वहीं छोड़ देते हैं. इससे पानी का बहाव बाधित होकर जलभराव की स्थिति बन जाती है. बरसात के दिनों में स्थिति और विकट हो जाती है, जब गंदा पानी सड़कों और आसपास के घरों तक पहुंचने लगता है. बदबू और अस्वच्छता से रहवासियों का जीवन प्रभावित हो रहा है. स्थानीय लोगों ने कई बार शिकायत की, लेकिन जिम्मेदार विभाग की अनदेखी जारी है.

### रहवासियों का कहना...



कचरा गाड़ी नहीं आती, अंधेरे में लोग घरों का कचरा नाले में फेंक देते हैं. सफाई कर्मी भी वह कचरा पुलिया के नीचे कर देते हैं, जिससे गंदगी और बढ़ जाती है. इसके लिए कैमरा लगाया जाए.

– कांता वर्मा



शाम से पूरी रात मच्छर हमला बोलते रहते हैं. साथ ही इतनी बदबू आती है कि नाक के कीड़े मर गए, सफाई नाम की चीज नहीं, नाले को या ढंक दिया जाए या इसमें बड़े पाइप डाल दिए जाएं तो इस समस्या से राहत मिल सकती है.

– नवीन सिंगारे



सफाई कर्मी कचरा पुलिया के नीचे कर देते हैं, हम कहते हैं कि उसको बाहर निकालकर ढेर लगाया करो, बड़ी गाड़ी आकर ले जाएगी, लेकिन वे नहीं सुनते. इससे कई तरह की समस्या हो रही है.

– रेखा बाई

## पुलिस कंट्रोल रूम परिसर में आग, समय रहते टला बड़ा हादसा

**इंदौर.** रीगल स्थित रानी सराय (पुलिस कंट्रोल रूम) परिसर में रविवार सुबह अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया. सूचना मिलते ही दमकल टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया गया.

घटना छोटी ग्वालटोली थाना क्षेत्र के पास पुलिस कंट्रोल रूम परिसर की है, जहां ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी के कारण केबल और सूखी झाड़ियों में आग भड़क उठी. देखते ही देखते आग फैलने लगी, जिससे आसपास अफरा तफरी का माहौल बन गया. मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी. दमकल कर्मियों ने पहुंचकर आग को फैलने से पहले ही बुझा दिया. बताया जा रहा है कि परिसर में बड़ी मात्रा में कबाड़ भी रखा था, जिससे आग फैलती तो बड़ा हादसा हो सकता था. फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और किसी प्रकार के नुकसान की सूचना नहीं है.